राजस्थान–सरकार
निदेशालय कोष एवं लेखा, राजस्थान, जयपुर

क्रमांक एफ4(1) (नि.प598/83)/अलेसे–III/ 10290-10296 दिनांक:–19/11/2013

## कार्यालय आदेश

नन्दलाल व्यास (598/83) कनिष्ठ लेखाकार, जिनकी कनिष्ठ लेखाकार के पद पर नियुक्ति तिथि 11.3.1985 है। श्री व्यास ने 27 वर्ष की निरन्तर संतोषजनक सेवा दिनांक 11.03.2012 को पूर्ण कर ली है। राज्य सरकार के आदेश क्रमांक प.11(7)वित्त(नियम)/ 2008 दिनांक 12.9.2008 एवं आदेश संख्या एफ.11(7) वित्त (नियम) पार्ट–I/ 2008 दिनांक 06.10.2008 के अनुसरण में कनिष्ठ लेखाकार के पद की तृतीय आश्वासित कैरियर प्रगति (एसीपी) वेतन श्रृंखला पी.बी.2 (9300–34800) ग्रेड पे 4800/– में दिनांक 11.3.2012 से स्वीकृत की जाती हैं।

श्री नन्द लाल व्यास, कनिष्ठ लेखाकार के वित्त विभाग के आदेश क्रमांक प0 1(20) वित्त/ग्रुप–2/92 दिनांक 23.04.1994 में दी हुई शर्तो के संबंध में संतोषजनक सेवा संबंधी प्रमाण पत्र तथा कार्मिक विभाग की विज्ञप्ति क्रमांक एफ 7 (1) (डीओपी)/क–2/95 दिनांक 20.06.2001 के क्रम में सन्तान संबंधी घोषणा प्राप्ति के आधार पर आश्वासित कैरियर प्रगति स्वीकृत की जाती है।

श्री व्यास के वार्षिक कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदन नियमानुसार उपलब्ध नहीं होने पर गत 9 वर्षो में से 7 वार्षिक कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदन की नियमानुसार उपलब्धता के आधार पर तृतीय आश्वासित कैरियर प्रगति इस शर्त पर स्वीकृत की जाती है कि भविष्य में प्राप्त उक्त अवधि के वार्षिक कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदन में प्रतिकूल प्रविष्टि होने पर प्रकरण पुनः खोला जावेगा तथा वार्षिक कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदन के आधार पर तृतीय आश्वासित कैरियर प्रगति के बारे में निर्णय लिया जाकर तद्नुसार संशोधित कर दिया जावेगा।

श्री नन्दलाल व्यास का वेतन निर्धारण वित्त विभाग के उक्त आदेश दिनांक 12.09.2008 के पैरा 19 के अनुसार संबंधित कार्यालयाध्यक्ष द्वारा निर्धारित किया जावेगा। वेतन निर्धारण से पूर्व कार्यालयाध्यक्ष द्वारा यह सुनिश्चित किया जावे कि संबंधित कर्मचारी संशोधित वेतनमान 2008 में वेतन प्राप्त कर रहा है एवं ए. सी.पी. स्वीकृति तिथि को इनके विरुद्व कोई विभागीय जाचं लम्बित नहीं हैं। । इस स्वीकृति व वेतन निर्धारण की प्रविष्टि आवश्यक रूप से संबंधित कनिष्ठ लेखाकार की सेवा पुस्तिका में की जावे।

(वीरबाला जोशी)
निदेशक

क्रमांक एफ4(1) (नि.प598/83)/अलेसे–III/10290-10296 दिनांक:– 19/11/2013

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. प्रबन्धक, राजस्थान जल प्रदाय एवं सिवरेज प्रबन्धक मण्डल, जोधपुर ।
2. श्री नन्दलाल व्यास, क.लेखाकार राजस्थान जल प्रदाय एवं सिवरेज प्रबन्धक मण्डल, जोधपुर
3. निजी सहायक निदेशक, महोदया।
4. गोपनीय शाखा निजी/गार्ड फाईल।

(S) D.D (ACP)

(महेन्द्र सिंह गुर्जर)
अतिरिक्त निदेशक {कार्मिक–II}